# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामपुर

पत्रांक: के0जी0बी0वी0/चयन/ 6620-31 /2026-27 दिनांक : 02.09.26

## विज्ञप्ति

उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के रिक्त पदों पर कार्मिकों के चयन/पदस्थापन के सम्बन्ध में शासनादेश संख्या-1/570148/2024 File No-68-5099/23/2024-5( ) दिनांक 28-05-2024 एवं उप सचिव उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश 68-6599/23/2024-अनुभाग-5 दिनांक 21.10.2024 एवं उ0प्र0 शासन के पत्रांक: 1553/68-5-2020 बेसिक शिक्षा अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 11 दिसम्बर, 2020 के अनुक्रम में जिलाधिकारी महोदय, रामपुर के अनुमोदन दिनांक-24.08.2026 के अनुपालन में जनपद-रामपुर में संचालित उच्चीकृत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका छात्रावास (कक्षा-9 से 12) में शिक्षणेत्तर कार्मिकों एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शैक्षिक एवं शिक्षणेत्तर कार्मिक के रिक्त पदों पर नवीन चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर निर्धारित मानदेय पर निम्नलिखित शैक्षिक व शिक्षणेत्तर कार्मिकों का चयन किया जाना है

| क्र0 स0 | पद का नाम | विषय | पदों की संख्या | आरक्षणवार विवरण | | | | मानदेय | अर्हता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अनारक्षित | ई0डब्लू0 एस0 | पि0 जाति | अनु0 जाति | | |
| 01 | उर्दू शिक्षिका | उर्दू | 01 | 01 | - | - | - | 17196 | बी0ए0 उर्दू विषय से तथा एल0टी0 या बी0टी0 या बी0एड0 या अन्य समकक्ष शिक्षा अथवा शिक्षण में डिग्री या डिप्लोमा |
| 02 | पूर्णकालिक शिक्षिका | विज्ञान | 02 | 01 | - | 01 | - | 25410 | जेड0बी0सी0 वर्ग से प्रशिक्षित स्नातक एवं उच्च प्राथमिक स्तर की टी0ई0टी0 एवं प्रशिक्षित स्नातक होगी (प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0 / समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षण को सम्मिलित किया जायेगा)। पद पूर्णकालिक एवं महिला का होगा। विद्यालय में निवास करना अनिवार्य है। |
| 03 | अंशकालिक शिक्षिका | कम्प्यूटर | 01 | 01 | - | - | - | 12790 | प्रशिक्षित स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण उपाधि के अन्तर्गत एन0सी0टी0ई0 से मान्य बी0एड0/ समकक्ष एल0टी0 इत्यादि प्रशिक्षित सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त कम्प्यूटर शिक्षण हेतु पी0जी0डी0 सी0ए0 / बी0सी0ए0 / बी0एस0सी0 कम्प्यूटर साइंस अथवा स्नातक सहित डी0ओ0ई0ए0सी0सी0 या समकक्ष संस्था से ओ लेवल / ए लेवल डिप्लोमा आदि |
| 04 | केयर टेकर | | 01 | - | - | 01 | - | 24200 | परास्नातक एवं बी0एड0। पद पूर्णकालिक एवं महिला का होगा तथा विद्यालय में निवास करना अनिवार्य है। |
| 05 | चपरासी | | 04 | - | 02 | 02 | - | 7505 | ● कक्षा 08 उत्तीर्ण ● अभ्यर्थी को शारीरिक अक्षमता एवं संक्रामक रोग से ग्रस्त नहीं होना चाहिए। ● मुख्य रसोईया / सहायक रसोईया / चपरासी / चौकीदार का पद पूर्णकालिक महिला का होगा तथा विद्यालय में निवास करना अनिवार्य है। |
| 06 | चौकीदार | | 04 | 01 | 02 | 0 | 01 | 7505 | |
| 07 | मुख्य रसोईया | | 01 | - | - | 01 | - | 9006 | |
| 08 | सहायक रसोईया | | 08 | 05 | 02 | 01 | 0 | 6755 | |

नोट- इच्छुक पात्रताधारी अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र दिनांक 18 सितम्बर, 2026 को सायं 05:00 बजे तक कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, निकट मुर्तुजा स्कूल, गांधी समाधी रोड, रामपुर 244901 को केवल स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित कर सकते है। साधारण डाक, कोरियर से प्राप्त आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जायेगा। आवेदन पत्र के साथ अपनी दो स्व-प्रमाणित फोटो, समस्त शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं वांछित प्रमाण-पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ तथा अपने पता लिखे हुए 02 लिफाफे स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड डाक के निर्धारित शुल्क के डाक टिकट लगे हुए अवश्य संलग्न करें। आवेदन पत्र के लिफाफे पर आवेदित पद का नाम व विषय तथा आरक्षण वर्ग अवश्य लिखें। अपूर्ण, अस्पष्ट, बिना संलग्नकों वाले, बिना हस्ताक्षर, प्रारूप से भिन्न, अधूरे संलग्नकों वाले आवेदन पत्रों को निरस्त कर दिया जायेगा।

### -: निर्देश :-

1. आयु- समस्त स्टाफ की न्यूनतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 25 वर्ष तथा अधिकतम आयु चयन वर्ष की 01 अप्रैल को 45 वर्ष अधिक न हो।
2. कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में पूर्णकालिक शिक्षिका/अंशकालिक शिक्षिका/उर्दू शिक्षिका एवं केयर टेकर के पद पर चयन सीधे मेरिट के आधार पर किया जायेगा। मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चपरासी एवं चौकीदार के पद पर चयन साक्षात्कार द्वारा किया जायेगा।
3. चरित्र- किसी सेवा से बर्खास्त, नैतिक/चारित्रिक अधमता के अपराध के लिए दोष सिद्ध एवं दिवालियां व्यक्ति चयन के लिय अर्ह नहीं होंगे। चयन समिति अभ्यर्थी के चरित्र के संबंध मे यथोचित समाधान करेगीं।
4. चयन उपरान्त केयर टेकर, मुख्य रसोईया, चपरासी एवं सहायक रसोईया का पद पूर्णकालिक होने के कारण विद्यालय परिसर में ही निवास करना अनिवार्य होगा, अन्यथा की स्थिति में उनका चयन समाप्त कर दिया जायेगा। पूर्णकालिक स्टाफ को अपने साथ परिवार के किसी भी सदस्य को विद्यालय परिसर में रखने की अनुमति नहीं है। समस्त स्टाफ की भोजन व्यवस्था उनकी स्वयं की होगी।
5. उपरोक्त समस्त पदों पर केवल महिला अभ्यर्थियों का ही चयन किया जायेगा।
6. आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या घट/बढ़ सकती है। चयन सेवा अनुबन्ध के आधार पर एक शैक्षिक सत्र (अधिकतम 11 माह 29 दिवस) हेतु होगा तथा कार्य संतोषजनक पाये जाने पर आगामी सत्र के लिए सेवा अनुबन्ध का विस्तारीकरण किया जा सकता है।
7. उपर्युक्त रिक्तियों हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति एवं आवेदन पत्र को जनपद रामपुरकी वेबसाइट पर क्लिक करके डाउनलोड किया जा सकता है। उक्त के सम्बन्ध में किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रामपुर में आवश्यक जानकारी प्राप्त की जा सकती है।
8. लिफाफे पर ऊपर मोटे अक्षरों में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में *पद/विषय/जाति वर्ग के लिए आवेदन किया जा रहा है*, स्पष्ट रूप से अंकित होना चाहिए। अभ्यर्थी द्वारा एक से अधिक पदों हेतु आवेदन करने की स्थिति में प्रत्येक पद हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा, जिस पर आवेदित पद का नाम, विषय तथा आरक्षण वर्ग अंकित करना होगा।
9. उच्चीकृत के0जी0बी0वी0 नगर क्षेत्र के छात्रावास में सृजित पदों पर चयन उपरान्त छात्रावास के संचालन हेतु आवश्यकतानुसार कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा।
10. उर्दू शिक्षक, अंशकालिक शिक्षक, मुख्य रसोईया, सहायक रसोईया, चौकीदार एवं चपरासी का नियत मानदेय रु0 15000/- से कम है। उक्त कार्मिकों के सम्बन्ध में ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान 13 प्रतिशत प्रतिमाह भुगतान किया जाना है। उक्त धनराशि को सम्मिलित करते हुए मानदेय की धनराशि अवमुक्त की गयी है, जिन कार्मिकों का पूर्व से ई0पी0एफ0 नियोक्ता अंशदान कट रहा है उनका मानदेय अंशदान कटौती उपरान्त भुगतान किया जाये।
11. उल्लेखित मानदेय में नियोक्ता का 13 प्रतिशत ई0पी0एफ0 अंशदान (जिन कार्मिकोंका मानदेय 15000.00 की सीमा तक है।) सम्मिलित है।
12. विज्ञप्ति को किसी भी समय निरस्त करने का अधिकार जनपदीय चयन समिति के पास रक्षित होगा, जिस हेतु कोई भी वाद मान्य नहीं होगा। विज्ञप्ति लिपिकीय त्रुटि के संधान रहेगी।

संलग्नक-आवेदन पत्र का प्रारूप।

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
रामपुर

### कस्तूरबा गाँधी बालिका आवासीय विद्यालय, जनपद रामपुर हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप

1. आवेदित पद का नाम :-
2. आवेदित विषय का नाम :-
3. अभ्यर्थिनी का नाम (हिन्दी में)
4. अभ्यर्थिनी का नाम (अंग्रेज़ी में)
5. पिता / पति का नाम (हिन्दी में) :-
6. जन्मतिथि (कक्षा हाईस्कूल के प्रमाण पत्र के अनुसार) :-
7. पत्र व्यवहार का पूरा पता :-
8. दूरभाष नम्बर :-
9. जाति/वर्ग (सामान्य / ई0डब्लू0एस0 / पि0वर्ग / अनु0जाति) :-
10. शैक्षिक योग्यता विवरण :-

स्व प्रमाणित फोटो

| क्र. स. | परीक्षा का नाम | बोर्ड / विश्व विद्यालय / विद्यालय | वर्ष | अनुक्रमाँक | पूर्णांक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कक्षा 08 | | | | | | |
| 2 | हाईस्कूल | | | | | | |
| 3 | इण्टरमीडिएट | | | | | | |
| 4 | स्नातक | | | | | | |
| 5 | परास्नातक | | | | | | |
| 6 | प्रशिक्षण उपाधि | | | | | | |
| 7 | टी0ई0टी0 | | | | | | |
| 8 | कम्प्यूटर डिप्लोमा | | | | | | |
| 9 | अन्य योग्यता | | | | | | |

11. वैवाहिक स्थिति :-
12. यदि अभ्यर्थी भारत / उ0प्र0 राज्य अथवा अन्य किसी सेवा मे है, तो उसका विवरण :-

### घोषणा

मैं शपथ पूर्वक अभिकथन करती हूँ कि आवेदन पत्र में दिये गये उपरोक्त विवरण सत्य है। चयन के पूर्व अथवा बाद में जाँच उपरान्त विवरण असत्य अथवा गलत पाए जाने पर सम्बन्धित अधिकारियों को मेरा अभ्यर्थन निरस्त करने व मेरे विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार होगा। समस्त मूल प्रमाण पत्रों की प्रमाणित छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ संलग्न की जा रही है। विज्ञप्ति की शर्तों को पूरा न करने / स्वयं हस्ताक्षरित न होने / साधारण डाक द्वारा आवेदन पत्र प्रेषित किये जाने की स्थिति में मेरा अभ्यर्थन स्वत: निरस्त माना जायें।

अभ्यर्थी / अभ्यर्थिनी का नाम व हस्ताक्षर